रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

Test Date	24/06/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB NTPC Graduate Level I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

Q.1 **22938 में कौन सी सबसे छोटी संख्या जोड़ी जाए कि योगफल 7 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए?**

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 5
✓ 3. 1
✗ 4. 2

Q.2 **2025 में, निम्नलिखित में से किसने IndiaAI को लॉन्च किया?**

Ans
✗ 1. IndiaAI मिशन के निदेशक
✗ 2. भारत के प्रधानमंत्री
✓ 3. केंद्रीय आईटी मंत्री
✗ 4. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री

Q.3 **समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल, 'स्वराज द्वीप' कहाँ स्थित है?**

Ans
✗ 1. लक्षद्वीप
✗ 2. दमन और दीव
✗ 3. मन्नार की खाड़ी
✓ 4. अंडमान और निकोबार द्वीप

Q.4 **हितेश की आयु, उसके पुत्र की आयु से तीन गुना है, तथा उसकी पुत्री उसके पुत्र से तीन वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पहले इन तीन व्यक्तियों की आयु का योग 123 वर्ष था, तो हितेश की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी होगी?**

Ans
✗ 1. 88
✗ 2. 91
✗ 3. 72
✓ 4. 81

Q.5 शरद अकेले किसी काम को 13 दिन में पूरा कर सकता है और वरद अकेले उसी काम को 9 दिन में पूरा कर सकता है। उन्होंने साथ मिलकर काम करना शुरू किया, लेकिन वरद ने काम पूरा होने से 11 दिन पहले ही काम करना छोड़ दिया। काम कितने दिन में पूरा होगा?

Ans
✗ 1. $10\frac{5}{11}$
✗ 2. $9\frac{10}{11}$
✓ 3. $11\frac{9}{11}$
✗ 4. $12\frac{2}{11}$

Q.6 एक किराना व्यापारी अपने माल पर लागत मूल्य से 70% अधिक मूल्य अंकित करता है और उसे X% की छूट पर बेचता है। यदि उसे 53% लाभ प्राप्त होता है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 9
✗ 3. 11
✓ 4. 10

Q.7 एक आदमी को 18 घंटे में 387 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी का दो-तिहाई, निर्दिष्ट समय के $\frac{6}{9}$ समय में तय करता है, तो शेष दूरी को बचे हुए समय में तय करने के लिए उसकी चाल (km /hr में) कितनी होनी चाहिए?

Ans
✗ 1. 6.3
✗ 2. 10.7
✓ 3. 21.5
✗ 4. 23.7

Q.8 क्रिसिल (Crisil) ने FY26 में भारत की बैंक क्रेडिट वृद्धि कितने प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान लगाया है?

Ans
✗ 1. 13-14%
✗ 2. 15-16%
✓ 3. 12-13%
✗ 4. 14-15%

Q.9 एक निर्माता अपने बिक्री मूल्य को उत्पादन लागत से 30% अधिक रखता है। यदि उत्पादन लागत 30% बढ़ जाती है, और निर्माता अपना बिक्री मूल्य 70% बढ़ा देता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 69%
✗ 2. 71%
✓ 3. 70%
✗ 4. 73%

Q.10 कौन-सा भारतीय संवैधानिक संशोधन अधिनियम, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत के रूप में आय, स्थिति, सुविधाओं और अवसरों में असमानताओं को कम करने के बारे में वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. 42वां संशोधन अधिनियम 1976
✗ 2. 97वां संशोधन अधिनियम 2011
✓ 3. 44वां संशोधन अधिनियम 1978
✗ 4. 86वां संशोधन अधिनियम 2002

Q.11 1793 में शुरू की गई कॉर्नवॉलिस संहिता, _____ के लिए जानी जाती है।

Ans
✗ 1. अंग्रेजी को अदालत की भाषा के रूप में पेश करने
✓ 2. ज़मींदारी प्रथा को समाप्त करने
✗ 3. एकसमान पुलिस और न्यायपालिका सुधार स्थापित करने
✗ 4. न्यायपालिका में मूल भारतीयों को बढ़ावा देने

Q.12 एक समद्विबाहु त्रिभुज की दो बराबर भुजाओं में से प्रत्येक की लंबाई 41 cm है और इसके आधार की लंबाई 18 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 365
✗ 2. 355
✗ 3. 351
✓ 4. 360

Q.13 ₹2,200 पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्षों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. ₹220
✗ 2. ₹270
✗ 3. ₹170
✗ 4. ₹320

Q.14 निम्नलिखित आंकड़ों से माध्यिका ज्ञात कीजिए।

आयु (वर्षों में)	20 - 30	30 - 40	40 - 50	50 - 60	60 - 70	70 - 80	80 - 90
रोगियों की संख्या	11	16	14	29	40	21	17

Ans
✗ 1. 79 वर्ष
✓ 2. 61 वर्ष
✗ 3. 80 वर्ष
✗ 4. 59 वर्ष

Q.15 वैदिक मंत्रोच्चार की कौन-सी पारंपरिक विधि सभी पाठ शैलियों में सबसे जटिल और व्यापक मानी जाती है?

Ans
✗ 1. दंडपाठ
✗ 2. शिखापाठ
✓ 3. घनपाठ
✗ 4. जटापाठ

Q.16 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 103 678 217 111 537 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?

Ans
✗ 1. 10
✗ 2. 6
✗ 3. 12
✓ 4. 8

Q.17 विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज कौन हैं?

Ans
✗ 1. मनीष राठौर
✓ 2. हितेश गुलिया
✗ 3. अभिनाश जामवाल

Q.18 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?
: RMN :: TOP : %

Ans
✓ 1. # = MHI, % = YTU
✗ 2. # = NHI, % = YOK
✗ 3. # = KJI, % = YMU
✗ 4. # = MOU, % = YLU

Q.19 आधार राशियों की मात्रकों को क्या कहा जाता है?

Ans
✗ 1. मूल स्थिरांक
✗ 2. व्युत्पन्न मूल मात्रक
✓ 3. मौलिक या मूल मात्रक
✗ 4. मानक मूल मात्रक

Q.20 $\frac{(0.06)^2 + (0.66)^2 + (0.666)^2}{(0.006)^2 + (0.066)^2 + (0.0666)^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 100
✗ 2. 600
✗ 3. 60
✗ 4. 10

Q.21 स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारत की जनसांख्यिकी रूपरेखा, औपनिवेशिक शासन द्वारा आरोपित सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को दर्शाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य देखभाल और पोषण की स्थिति का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर के साथ उच्च जीवन प्रत्याशा
✓ 2. उच्च जन्म और मृत्यु दर के साथ निम्न जीवन प्रत्याशा
✗ 3. निम्न जन्म और मृत्यु दर के साथ उच्च जीवन प्रत्याशा
✗ 4. घटती जन्म और मृत्यु दर के साथ मध्यम जीवन प्रत्याशा

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. ELH
✓ 2. GNI
✗ 3. JQM
✗ 4. LSO

Q.23 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SAND - DSNA - SDAN
GUNT - TGNU - GTUN

Ans
✓ 1. JUNK - KJNU - JKUN
✗ 2. SEAL - ESAL - LEAS
✗ 3. FEAR - RFEA - EARF
✗ 4. POLE - EPLO - POEL

Q.24 मुग़लों द्वारा निर्मित निम्नलिखित में से किस इमारत/कस्बे में सलीम चिश्ती का मकबरा स्थित है?

Ans
✗ 1. ताज महल
✓ 2. फतेहपुर सीकरी
✗ 3. लाल किला
✗ 4. आगरा का किला

Q.25 सात व्यक्ति, A, B, C, D, S, T और U उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। D के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। D और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, U के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, U के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. चार
- ✓ 4. तीन

Q.26 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में अनुसरण की गई संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 तथा 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

10 - 20 - 30 - 60; 2 - 4 - 14 - 28

Ans
- ✓ 1. 5 - 10 - 20 - 40
- ✗ 2. 12 - 24 - 34 - 64
- ✗ 3. 8 - 10 - 20 - 40
- ✗ 4. 15 - 30 - 35 - 60

Q.27 संख्या 5123487 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✓ 1. एक भी नहीं
- ✗ 2. दो
- ✗ 3. तीन
- ✗ 4. एक

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ 1. PLO
- ✗ 2. PRL
- ✗ 3. IKE
- ✗ 4. HJD

Q.29 एक संख्या को $57\frac{1}{2}\%$ बढ़ाने पर वह 378 हो जाती है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 100
- ✓ 2. 240
- ✗ 3. 400
- ✗ 4. 200

Q.30 संख्या 7416385 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ 1. एक
- ✓ 2. एक भी नहीं
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. तीन

Q.31 40, 78 और एक अन्य संख्या x का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 7800 है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 200
✘ 2. 180
✘ 3. 152
✘ 4. 127

Q.32 शिपिंग मंत्रालय (Ministry of Shipping) द्वारा सागरमाला परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
✘ 1. बंदरगाह आधारित विकास
✔ 2. औद्योगिक गलियारा विकास
✘ 3. तटीय शहर आधुनिकीकरण
✘ 4. अंतर्देशीय जलमार्ग विस्तार

Q.33 मार्च 2025 में, भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1TS) की थाईलैंड यात्रा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. INS सुजाता, INS शार्दुल और ICGS वीर भारतीय नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन का हिस्सा थे, जिसने फुकेत डीप सी पोर्ट का दौरा किया।
2. भारतीय जहाजों ने HTMS हुआहिन के साथ PASSEX का संचालन किया।
3. इस यात्रा में युद्ध जैसे अभ्यास, जैसे कि नकली नौसैनिक युद्ध और लाइव-फायर अभ्यास शामिल थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

Ans
✘ 1. 1, 2 और 3
✘ 2. केवल 2 और 3
✔ 3. केवल 1 और 2
✘ 4. केवल 1

Q.34 यदि संख्या 7521432 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे तथा दाएं से तीसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
✘ 1. 6
✘ 2. 8
✔ 3. 9
✘ 4. 10

Q.35 द एम्परर ऑफ ग्लैडनेस, सेट इन ईस्ट ग्लैडनेस, कनेक्टिकट (The Emperor of Gladness, set in East Gladness, Connecticut), किस लेखक द्वारा 2025 में लिखा गया उपन्यास है?

Ans
✘ 1. डैन ब्राउन (Dan Brown)
✘ 2. फिलिप पुलमैन (Philip Pullman)
✘ 3. जॉन स्काल्जी (John Scalzi)
✔ 4. ओशन वुओंग (Ocean Vuong)

Q.36 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा??

(110 R 32) Q 2 S 9 P 4 R 21 = ?

Ans
✔ 1. 54
✘ 2. 48
✘ 3. 22
✘ 4. 36

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CURE' को '5783' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RIGS' को '2179' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कोड भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 8
✗ 3. 2
✓ 4. 7

Q.38 भारतीय संसद में, प्राक्कलन समिति के सदस्यों का चुनाव कौन करता है?

Ans
✗ 1. प्रधानमंत्री
✗ 2. भारत के राष्ट्रपति
✗ 3. राज्यसभा के सदस्य
✓ 4. लोकसभा के सदस्य

Q.39 S, W का पिता है। D, W की इकलौती बहन है। R, D की माता की माता है। L, P की माता है, जिसका विवाह S से हुआ है।

P का W से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता का भाई
✓ 2. भाई
✗ 3. बहन का पति
✗ 4. बहन

Q.40 कौन-सा साइटोस्केलेटल प्रोटीन तंत्रि तंतुओं का प्रमुख घटक है जो बड़े अक्षतंतुओं की क्षमता और अखंडता को बनाए रखने में मदद करता है?

Ans
✓ 1. न्यूरोफिलामेंट प्रोटीन
✗ 2. ट्यूबुलिन प्रोटीन
✗ 3. एक्टिन प्रोटीन
✗ 4. केराटिन प्रोटीन

Q.41 MS पावरपाइंट 365 में सेलेक्ट किए गए शेप या टेक्स्ट बॉक्स के अंदर टेक्स्ट एडिटिंग शुरू करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
✓ 1. F2
✗ 2. Alt + Enter
✗ 3. Ctrl + E
✗ 4. F5

Q.42 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 307 485 194 237 937 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में से सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✓ 1. –6
✗ 2. –4
✗ 3. –5
✗ 4. –3

Q.43 मोहन एक काम को 9 घंटे में कर सकता है। प्रमोद इसे 21 घंटे में कर सकता है। आशीष की सहायता से, उन्होंने काम को 6 घंटे में पूरा कर लिया। आशीष अकेले उस काम का दोगुना काम कितने घंटे में कर सकता है?

Ans
- ✓ 1. 252
- ✗ 2. 254
- ✗ 3. 251
- ✗ 4. 253

Q.44 सात बॉक्स D, E, F, G, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। G के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। J और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। J और K के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। K को G के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। E को K के ठीक नीचे रखा गया है। F को D के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। । को J के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। सबसे निचले स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. G
- ✗ 2. K
- ✗ 3. F
- ✓ 4. D

Q.45 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
187, 173, 160, 148, 137, ?

Ans
- ✓ 1. 127
- ✗ 2. 131
- ✗ 3. 129
- ✗ 4. 117

Q.46 2742 m के वृत्ताकार पथ पर रिया और त्रिशा एक ही बिंदु से लेकिन विपरीत दिशाओं में क्रमशः 4.6 m/s और X m/s की चाल से चलना प्रारंभ करती हैं। 457 सेकंड के बाद वे एक-दूसरे से पहली बार मिलेंगी। X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 1.4
- ✗ 2. 1.1
- ✗ 3. 2.2
- ✗ 4. 0.8

Q.47 अंग्रेजों की किस नीति ने आदिवासी भूमि स्वामित्व पैटर्न को बहुत प्रभावित किया और जनजातियों में व्यापक असंतोष पैदा किया, जिससे विद्रोह को बढ़ावा मिला?

Ans
- ✗ 1. व्यपगत सिद्धांत
- ✗ 2. रैयतवारी प्रणाली
- ✓ 3. वन कानून और भू-व्यवस्थापन
- ✗ 4. स्थायी बंदोबस्त

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में टियर I (Tier I) शहर का एक उदाहरण है?

Ans
- ✗ 1. भोपाल
- ✗ 2. जयपुर
- ✗ 3. अमृतसर
- ✓ 4. कोलकाता

Q.49 K का वह मान ज्ञात करें जिसके लिए द्विघात समीकरण $x^2 + 4x + K = 0$ के मूल बराबर हैं।

Ans
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 6
- ✓ 3. 4
- ✗ 4. 3

Q.50 भारत के राष्ट्रपति के पास राज्यपालों और राजदूतों जैसे अधिकारियों को पद से हटाने या वापस बुलाने की शक्ति है। वह इस शक्ति का प्रयोग निम्नलिखित में से किसकी सलाह पर करता है?

Ans

✗ 1. भारत के सर्वोच्च न्यायालय

✓ 2. केंद्रीय मंत्रिपरिषद

✗ 3. राज्य सरकारों

✗ 4. संसद द्वारा पारित प्रस्ताव

Q.51 निम्नलिखित में से किस परिदृश्य में, किसी एमएस एक्सेल सूत्र (formula) में थ्री-डाइमेंशनल रेफरेंस का उपयोग सबसे प्रभावी रूप से आवश्यक होगा?

Ans

✗ 1. एक चार्ट बनाना जो कई अलग-अलग वर्कबुक से प्राप्त डेटा पॉइंट्स को विजुआलाइज़ (visualize) करता है

✗ 2. एक ही वर्कबुक की किसी अन्य वर्कशीट में मानों के आधार पर सेल्स की रेंज में कंडीशनल फॉर्मेटिंग लागू करना

✗ 3. एक ही उत्पाद श्रेणी के लिए कई असतत (non-contiguous) वर्कशीट में औसत बिक्री के आंकड़ों की गणना करना

✓ 4. एक वर्ष के लिए मासिक डेटा का निरूपण करने वाली, समान रूप से संरचित वर्कशीट के अनुक्रम में एक विशिष्ट सेल से मानों को जोड़ना

Q.52 अप्रैल 2025 में, भारत और इटली ने निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया?

Ans

✗ 1. अंतरिक्ष अन्वेषण और कृषि

✗ 2. पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान

✓ 3. व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और कनेक्टिविटी

✗ 4. शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर VBCD का संबंध एक निश्चित तरीके से MTTV से है। उसी प्रकार, LVSX का संबंध CNJP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KXRZ का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans

✓ 1. BPIR

✗ 2. BROP

✗ 3. BPRI

✗ 4. BRIP

Q.54 यदि A का वेतन B से 12% अधिक है, तो B का वेतन A से कितने प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक) कम है?

Ans

✗ 1. 13.26%

✓ 2. 10.71%

✗ 3. 12.47%

✗ 4. 11.73%

Q.55 भारत में प्राकृतिक उत्पादों को निर्मित वस्तुओं में परिवर्तित करने के लिए कौन-सा क्षेत्र उत्तरदायी है?

Ans

✗ 1. सूचना क्षेत्र

✓ 2. द्वितीयक क्षेत्र

✗ 3. प्राथमिक क्षेत्र

✗ 4. तृतीयक क्षेत्र

Q.56 मध्य भारत के बुंदेलखंड क्षेत्र में आकेंद्रित बस्तियों (nucleated settlements) के विकास में मुख्य रूप से किस कारक ने योगदान दिया है?

Ans

✗ 1. खनिज संसाधनों की उपलब्धता

✗ 2. उपजाऊ मिट्टी और सिंचाई सुविधाओं

✗ 3. व्यापार मार्गों की निकटता

✓ 4. सुरक्षा चिंताएं और आक्रमण

Q.57 राज ने लगातार छह दिनों की एक यात्रा में ₹1,200, ₹1,300, ₹1,400, ₹1,100, ₹1,300 और ₹1,200 खर्च किए। इन छह दिनों में उसका औसत दैनिक खर्च कितना था?

Ans
✗ 1. ₹1,300
✗ 2. ₹1,150
✗ 3. ₹1,350
✓ 4. ₹1,250

Q.58 अनु, बीना, दीपा, हीना, करीना, लीना और रीना उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठी हैं। करीना, बीना के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है, जो दीपा के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। रीना, लीना के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है। अनु, हीना के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
✗ 1. बीना और रीना
✗ 2. अनु और दीपा
✗ 3. लीना और करीना
✓ 4. हीना और रीना

Q.59 भारतीय कानून के तहत लोक अदालत की कार्यवाही और स्थिति को किस प्रकृति का माना जाता है?

Ans
✗ 1. इनकी कार्यवाही न्यायिक नहीं मानी जाती है और अदालतों में इसका कोई कानूनी आधार नहीं होता है।
✗ 2. इनकी कार्यवाही सलाहकारी होती है और लोक अदालत को दीवानी न्यायालय नहीं माना जाता है।
✗ 3. इनकी कार्यवाही अनौपचारिक होती है और किसी भी कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं होती है।
✓ 4. इनकी कार्यवाही न्यायिक होती है और लोक अदालत को सीआरपीसी (CrPC) के तहत दीवानी न्यायालय माना जाता है।

Q.60 विशेष रूप से प्रवासियों और श्रमिकों के लिए आवास समाधान प्रदान करने के लिए 2024 में शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना PMAY-U 2.0 में निम्नलिखित में से कौन सा घटक शामिल है?

Ans
✗ 1. वरिष्ठ नागरिकों के लिए किफायती आवास
✗ 2. बिल्डरों के नेतृत्व में निर्माण
✗ 3. सब्सिडी योजना
✓ 4. किफायती किराये के आवास परिसर

Q.61 विंडोज 11 ओएस में, फ़ाइल या फ़ोल्डर नाम में निम्नलिखित में से किसे अनुमत (allowed) नहीं किया जाता है?

Ans
✗ 1. हाइफ़न (-)
✗ 2. अंडरस्कोर (_)
✗ 3. अक्षर और संख्या (Letters and numbers)
✓ 4. तारक चिह्न (*) या प्रश्न-चिह्न (?) जैसे प्रतीक

Q.62 हरित क्रांति की सफलता संस्थागत सपोर्ट पर आश्रित थी। भारत में कृषि अनुसंधान और HYV बीजों के प्रसार में किस संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans
✗ 1. डीआरडीओ
✗ 2. नीति आयोग
✓ 3. आईसीएआर
✗ 4. नाबार्ड

Q.63 डेविड अपनी कक्षा में ऊपर से 19वें और नीचे से 25वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने छात्र हैं?

Ans
✗ 1. 42
✗ 2. 45
✓ 3. 43
✗ 4. 44

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा, समुद्रगुप्त के शासनकाल का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है?

Ans
✗ 1. मिलिंदपन्हो
✓ 2. प्रयागराज प्रशस्ति
✗ 3. विष्णु पुराण
✗ 4. अर्थशास्त्र

Q.65 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

DJ26 EK37 FL48 GM59 ?

Ans
✓ 1. HN70
✗ 2. HM70
✗ 3. HN71
✗ 4. HM71

Q.66 तेजस द्वारा वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गयी राशि 11 वर्षों में दोगुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह राशि स्वयं की चार गुना हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 43
✗ 2. 21
✗ 3. 44
✓ 4. 22

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, SRAM और DRAM के बीच उनके आंतरिक आर्किटेक्चर और परफॉरमेंस विशेषताओं के संदर्भ में प्राथमिक अंतर का वर्णन नहीं करता है?

Ans
✗ 1. SRAM का डिजाइन सरल होने के कारण यह अत्यधिक तीव्र है और इसे डेटा को रिफ्रेश करने की आवश्यकता नहीं होती है, जबकि DRAM, समय-समय पर डेटा को रिफ्रेश करने की आवश्यकता के कारण मंद होता है।
✗ 2. SRAM, डेटा को संग्रहीत करने के लिए प्रति बिट अधिक ट्रांजिस्टर का उपयोग करता है, जो DRAM की तुलना में तीव्र एक्सेस काल प्रदान करता है।
✗ 3. SRAM अधिक ट्रांजिस्टरों (प्रायः प्रति सेल छह ट्रांजिस्टर) का उपयोग करता है, जो इसे कम सघन बनाता है, जबकि DRAM प्रति सेल केवल एक ट्रांजिस्टर और एक कैपेसिटर का उपयोग करता है, जो इसे अधिक कॉम्पैक्ट बनाता है।
✓ 4. SRAM अपेक्षाकृत तीव्र और अधिक महंगा है, जो इसे मुख्य सिस्टम मेमोरी के लिए उपयुक्त बनाता है, जबकि DRAM अपेक्षाकृत मंद और सस्ता है, जो इसे कैश (Cache) मेमोरी के लिए आदर्श बनाता है।

Q.68 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/ प्रतीक	9	7	6	-	8	@	#	+	2	%	÷	3	1	&
कूट	C	R	J	Z	L	F	I	Y	Q	P	V	S	U	E

शर्तें:
यदि चौथा घटक एक संख्या है, तो इसे γ के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि पहला घटक 3 का गुणज है, तो इसे β के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और पांचवां घटक प्रतीक हैं, तो इन दोनों (दूसरे और पांचवें घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

9 # @ 2 7

Ans
✗ 1. βIFQR
✗ 2. CIFQR
✓ 3. βIFγR
✗ 4. γIFβR

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 8 15 27 46 ? 113

Ans
✗ 1. 76
✗ 2. 68
✗ 3. 72
✓ 4. 74

Q.70 थार रेगिस्तान मुख्य रूप से किन भारतीय राज्यों को कवर करता है?

Ans
✗ 1. राजस्थान और उत्तर प्रदेश
✗ 2. राजस्थान और पंजाब
✓ 3. राजस्थान और गुजरात
✗ 4. गुजरात और महाराष्ट्र

Q.71 एक सम बहुभुज के अंतःकोण और बाह्य कोण के बीच का अंतर 140° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 18
✗ 2. 20
✗ 3. 15
✗ 4. 16

Q.72 सोहित और रोहित के पास 17 : 14 के अनुपात में एक निश्चित धनराशि है और वे अपनी धनराशि 12 : 8 के अनुपात में पुस्तकें खरीदने पर खर्च करते हैं। पुस्तकें खरीदने के बाद उनमें से प्रत्येक के पास ₹3,392 बचते हैं। सोहित के पास आरंभ में कितनी धनराशि थी?

Ans
✓ 1. ₹7,208
✗ 2. ₹7,218
✗ 3. ₹7,274
✗ 4. ₹7,256

Q.73 1930 के दांडी यात्रा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) यह यात्रा साबरमती आश्रम से शुरू हुई और 240 मील की दूरी तय करते हुए दांडी में समाप्त हुई।
(b) दांडी यात्रा के कारण पूना समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

Ans
✗ 1. (a) और (b) दोनों
✗ 2. केवल (b)
✓ 3. केवल (a)
✗ 4. न तो (a) और न ही (b)

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIKE' को '5738' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TASK' को '2819' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कोड भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ 1. 8
✗ 2. 3
✗ 3. 9
✗ 4. 2

Q.75 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 50% अधिक तय करता है। 8% लाभ अर्जित करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए?

Ans
✓ 1. 28%
✗ 2. 29%
✗ 3. 27%
✗ 4. 30%

Q.76 एक निश्चित तरीके से, GG 12 का संबंध CB 29 से है। उसी प्रकार, IK 2 का संबंध EF 19 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, RN -6 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ 1. MI 6
✗ 2. NH 11
✓ 3. NI 11
✗ 4. MH 6

Q.77 यदि $m = a\ \cos^3\beta$ और $n = b\ \sin^3\beta$ है, तो $\left\{\frac{m}{a}\right\}^{\frac{2}{3}} + \left\{\frac{n}{b}\right\}^{\frac{2}{3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2
✓ 2. 1
✗ 3. 3
✗ 4. 0

Q.78 भारत में 1991 के आर्थिक सुधारों के कारण तीव्र औद्योगिकीकरण हुआ और ऊर्जा-गहन क्षेत्रों का विस्तार हुआ। भारत ने औद्योगिक विकास, ऊर्जा दक्षता और उत्सर्जन को संतुलित करने के लिए कौन-सा बाजार-आधारित तंत्र अपनाया है?

Ans
✓ 1. प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना
✗ 2. मेक इन इंडिया
✗ 3. खाद्य सुरक्षा अधिनियम
✗ 4. हरित GDP लेखा

Q.79 2025 में, किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 'एआई फॉर गुड (AI for Good)' पहल की शुरुआत की?

Ans
✗ 1. ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (Organisation for Economic Co-operation and Development)
✗ 2. इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (International Monetary Fund)
✓ 3. इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (International Telecommunication Union)
✗ 4. यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organisation)

Q.80 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी टैंक, अंजीर हैं।
कोई ईगल, टैंक नहीं हैं।
कुछ मग, ईगल हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ अंजीर, ईगल नहीं हैं।
(II) कुछ मग, टैंक नहीं हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.81 प्रेक्षण 54, 65, 77, 34, 68, 66, 60, 70, 33, 71 और 15 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. 66
✓ 2. 65
✗ 3. 68
✗ 4. 61

Q.82 22 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं, सुमन बाएं छोर से 14वें स्थान पर है। यदि दीपा, सुमन के दाएं से दूसरे स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से दीपा का स्थान क्या है?

Ans
- ✔ 1. 7वां
- ✘ 2. 8वां
- ✘ 3. 6वां
- ✘ 4. 5वां

Q.83 यदि एक घनाभ की लंबाई 4 cm, चौड़ाई 46 cm और आयतन 8832 cm^3 है, तो घनाभ की ऊंचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 48
- ✘ 2. 43
- ✘ 3. 57
- ✘ 4. 41

Q.84 580-605 ई. तक शासन करने वाले पुष्यभूति वंश का प्रथम उल्लेखनीय राजा निम्नलिखित में से किसे माना जाता था?

Ans
- ✔ 1. प्रभाकरवर्धन
- ✘ 2. हर्षवर्द्धन
- ✘ 3. नरवर्धन
- ✘ 4. राज्यवर्धन

Q.85 श्री आरएसटी बिंदु A से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 16 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 6 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 23 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 8 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करते हैं। वे अंत में बाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं)

Ans
- ✔ 1. 6 km पूर्व की ओर
- ✘ 2. 3 km पश्चिम की ओर
- ✘ 3. 5 km उत्तर की ओर
- ✘ 4. 2 km दक्षिण की ओर

Q.86 एक खोखला गोलाकार कोश 7 g/cm^3 घनत्व की धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएं क्रमशः 0 cm और 3 cm हैं। कोश का अनुमानित वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ तथा घनत्व = द्रव्यमान/आयतन मानिए)

Ans
- ✘ 1. 2.14
- ✔ 2. 0.792
- ✘ 3. 2.208
- ✘ 4. 2.15

Q.87 ध्वनि तरंग उत्पन्न करने के लिए क्या आवश्यक है?

Ans
- ✔ 1. केवल कंपन और प्रत्यास्थ माध्यम
- ✘ 2. केवल निर्वात
- ✘ 3. केवल वायु अणु
- ✘ 4. केवल विद्युतचुम्बकीय वाहक तरंग

Q.88 $9 + 3\sqrt{7}$ और $18 - 6\sqrt{7}$ के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 9
- ✘ 2. 13
- ✔ 3. 6
- ✘ 4. 1

Q.89 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

AAA 5, BCD 10, CEG 15, DGJ 20, ?

Ans
✔ 1. EIM 25
✘ 2. EKM 25
✘ 3. EGM 25
✘ 4. ETM 25

Q.90 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 514 414 422 875 167 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में से सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✘ 1. 2
✘ 2. −2
✔ 3. −1
✘ 4. 1

Q.91 यदि $72 \div 18 \times 3^2 - 21 \times 12 \div 3 + 12 = z$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. -44
✘ 2. -31
✔ 3. -36
✘ 4. -28

Q.92 निम्नलिखित में से कौन-सा वह कारक नहीं है जिस पर भारत में केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए मंत्रियों का चयन करते समय प्रधानमंत्री को विचार करना चाहिए?

Ans
✘ 1. व्यक्तिगत क्षमता और योग्यता
✘ 2. पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व
✘ 3. भौगोलिक प्रतिनिधित्व
✔ 4. विदेशी समुदायों का प्रतिनिधित्व

Q.93 यदि $x^2 + y^2 - 10x + 26y + 194 = 0$, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 194
✘ 2. 190
✘ 3. 198
✘ 4. 200

Q.94 24 फरवरी से 28 फरवरी तक मनाए गए वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 की थीम क्या थी?

Ans
✘ 1. वित्तीय साक्षरता: सशक्तिकरण की ओर एक कदम (Financial Literacy: A Step Towards Empowerment)
✘ 2. क्रेडिट अनुशासन और औपचारिक संस्थाओं से क्रेडिट (Credit Discipline and Credit from Formal Institutions)
✔ 3. वित्तीय साक्षरता - महिलाओं की समृद्धि (Financial Literacy - Women's Prosperity)
✘ 4. गो डिजिटल, गो सिक्योर (Go Digital, Go Secure)

Q.95 25 मार्च, 2025 से 30 मार्च, 2025 तक चली घुड़सवारी प्रतियोगिता (equestrian competition) का नाम क्या है, जिसमें निहारिका सिंघानिया ने पहला स्थान हासिल किया?

Ans
✘ 1. विश्व घुड़सवारी कप
✘ 2. भारतीय घुड़सवारी चैम्पियनशिप
✘ 3. एशियाई घुड़सवारी खेल
✔ 4. एजेलहोफ CSI लियर

Q.96 नवंबर 2024 में, 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans
✗ 1. बेंगलुरु
✗ 2. नई दिल्ली
✗ 3. मुंबई
✓ 4. पणजी

Q.97 यदि A, B के अनुक्रमानुपाती है, तो B = 51 होने पर A = 210 होता है। यदि B = 136 है, तो A का मान कितना होगा?

Ans
✓ 1. 560
✗ 2. 559
✗ 3. 563
✗ 4. 558

Q.98 एमएस पावरपॉइंट में किसी बड़ी प्रेजेंटेशन को मेनेज करते समय, 'Sections' फीचर का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
✓ 1. एडिट और प्रेजेंट करने के दौरान बेहतर व्यवस्थापन और नेविगेशन के लिए प्रेजेंटेशन को लॉजिकल समूहों में विभाजित करना
✗ 2. विभिन्न यूजर्स द्वारा प्रेजेंटेशन के विशिष्ट भागों में कोलैबोरेटिव एडिटिंग को इनेबल करना
✗ 3. स्लाइड के विशिष्ट समूहों पर अलग-अलग थीम लागू करना
✗ 4. प्रेजेंटेशन के विभिन्न भागों के बीच हाइपरलिंक बनाना

Q.99 50 लड़कों की एक कक्षा में से 15 लड़कों की औसत लंबाई 160 cm है। यदि शेष लड़कों की औसत लंबाई 168 cm है, तो कक्षा के सभी लड़कों की औसत लबाई (cm में) कितनी है?

Ans
✓ 1. 165.6
✗ 2. 164
✗ 3. 165
✗ 4. 166.6

Q.100 जाकिर बिंदु A से शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 2 मोड़ ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. 11 km, पश्चिम की ओर
✗ 2. 10 km, पश्चिम की ओर
✗ 3. 9 km, पश्चिम की ओर
✗ 4. 13 km, पश्चिम की ओर